स्ट्रीट लाइट नहीं लगी,जनता ने शुरू की आवाजाही

वादों की मियाद खत्म : जनवरी के बाद जून की डेडलाइन भी फेल,फंदा आरओबी का काम भी अधूरा



सीहोर. धीमी रफ्तार से जारी निर्माण के चलते नागरिकों ने रेलवे ओवरब्रिज का अघोषित लोकार्पण करते हुए आवाजाही शुरू कर दी है.

- जून माह में यातायात शुरू करने के किए थे दावे
- लंबे फेर से बचने के लिए लोग ओवरब्रिज से निकल रहे

नवभारत न्यूज

सीहोर 4 नवंबर. भोपाल-इंदौर हाईवे पर हाउसिंग बोर्ड के समीप बन रहा ओवरब्रिज लंबे इंतजार के बाद भी पूरी तरह तैयार नहीं हो पाया है. कभी निर्माण सामग्री की कमी तो कभी अन्य तकनीकी कारणों से इसकी समय-सीमा लगातार आगे बढ़ती रही. जून माह के अंत तक ब्रिज पर यातायात शुरू करने का दावा किया गया था, लेकिन नवंबर आ गया और अब तक इसका विधिवत लोकार्पण नहीं हो सका है. डामरीकरण का काम पूरा होने के बाद अब स्ट्रीट लाइट लगने का इंतजार है. दूसरी ओर, लंबे समय से बाईपास का चक्कर लगाने को मजबूर नागरिकों ने इंतजार से तंग आकर ओवरब्रिज का अघोषित लोकार्पण कर दिया है. लोग पुल से आवाजाही करने लगे हैं.

दरअसल, हाउसिंग बोर्ड और फंदा रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण करीब 57 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है. जनवरी 2026 में दोनों ब्रिज शुरू करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन निर्माण कार्य तय समय पर पूरा नहीं हो सका. इसके बाद जून में हाउसिंग बोर्ड ओवरब्रिज शुरू करने की नई समय-सीमा सामने आई. उस दौरान निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाले डामर की आपूर्ति प्रभावित होने को देरी की वजह बताया गया था. ईरान-इजराइल युद्ध के चलते डामर की सप्लाई प्रभावित होने से अंतिम चरण का काम अटकने की जानकारी दी गई थी. अब डामरीकरण तो पूरा हो चुका है, लेकिन स्ट्रीट लाइट का काम बाकी होने से औपचारिक शुरुआत फिर टलती दिख रही है.

गौरतलब है कि हाउसिंग बोर्ड ओवरब्रिज शुरू होने से भोपाल-इंदौर हाईवे पर आवागमन करने वाले हजारों वाहन चालकों को राहत मिलेगी. वर्तमान में पुल का उपयोग नहीं होने के कारण वाहन चालकों को सैकड़ाखेड़ी बाईपास की ओर से लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है. इससे समय और ईंधन दोनों की बर्बादी होती है. ब्रिज शुरू होने पर सीधे आवागमन का रास्ता उपलब्ध होगा. इसी तरह फंदा रेलवे ओवरब्रिज चालू होने से रेलवे फाटक क्रमांक 104, 107 और 108 पर लगने वाले जाम से राहत मिलने की उम्मीद है. ट्रेन गुजरने के दौरान फाटक बंद होने से यहां दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लगती हैं और कई बार दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है.

57 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे दोनों ओवरब्रिज

हाउसिंग बोर्ड और फंदा रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण करीब 57 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है. इनमें हाउसिंग बोर्ड ओवरब्रिज पर करीब 28 करोड़ और फंदा ब्रिज पर 29 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं. दोनों पुल लगभग 700-700 मीटर लंबे और 15 मीटर चौड़े हैं. हाउसिंग बोर्ड ब्रिज में 24 पिलर बनाए गए हैं, जबकि फंदा ओवरब्रिज 21 पिलरों पर तैयार किया जा रहा है. इसी तरह हाउसिंग बोर्ड ब्रिज की ऊंचाई रेलवे ट्रैक से 7.30 मीटर रखी गई है. इसके डिजाइन में विशेष कर्व भी दिया गया है, ताकि निजी भूमि की उपलब्धता से जुड़ी बाधा के बावजूद पुल का निर्माण किया जा सके.

दोनों ओवरब्रिज निर्माण की समय सीमा निकली

दोनों ओवरब्रिज के लिए पहले जनवरी, फिर जून और जुलाई की समय-सीमाएं सामने आई थीं. हाउसिंग बोर्ड ब्रिज जून के अंत तक तथा फंदा ब्रिज जुलाई में शुरू करने की बात कही गई थी. लेकिन नवंबर तक हाउसिंग बोर्ड ब्रिज का लोकार्पण नहीं हो पाया है. अब सवाल यह है कि स्ट्रीट लाइट सहित शेष काम कब तक पूरे होंगे और नागरिकों को सुरक्षित एवं आवाजाही की सुविधा कब मिलेगी. फिलहाल नागरिकों ने तो इंतजार छोड़कर पुल पर आवाजाही शुरू कर दी है, लेकिन जिम्मेदारों की ओर से औपचारिक शुरुआत की तारीख सामने आना बाकी है.

दोनों ओवर ब्रिज का निर्माण अंतिम चरण में

हाउसिंग बोर्ड और फंदा रेलवे ओवरब्रिज निर्माण में डामर की कमी के चलते कार्य प्रभावित हो रहा था. ईरान और इजराइल के बीच युद्ध के चलते डामर की सप्लाई नहीं हो पा रही थी. हाउसिंग बोर्ड ओवरब्रिज का डामरीकरण कार्य पूरा हो चुका है. केवल स्ट्रीट लाइट लगना बाकी है. संभवतः अगले माह तक दोनों ब्रिज का काम पूरा कर लिया जाएगा. दिसंबर माह में दोनों ब्रिज यातायात के लिए खोले जाने की संभावना है.
कैलाश वर्मा, सब इंजीनियर, ब्रिज कॉर्पोरेशन

ट्रक से 42 क्विंटल संदिग्ध मावा जब्त

- श्यामपुर पुलिस और खाद्य विभाग ने की कार्रवाई
- ट्रक में भिंड से भोपाल ले जा रहे थे 107 बोरियों में मावा



नवभारत न्यूज

सीहोर 4 नवंबर. त्योहारों के बीच खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और मिलावटखोरी को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है. श्यामपुर में पुलिस और खाद्य सुरक्षा प्रशासन की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रक से करीब 42 क्विंटल संदिग्ध मावा जब्त किया है. भिंड के दुलारपुरा से भोपाल ले जाई जा रही इस खेप में मावे की 107 बोरियां मिली हैं. खाद्य विभाग ने मावे के नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं.

जानकारी के अनुसार पुलिस और खाद्य विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ट्रकमें भारी मात्रा में मावा परिवहन कर भोपाल ले जाया जा रहा है. सूचना मिलते ही श्यामपुर पुलिस और खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम सक्रिय हुई और वाहन को रोककर तलाशी ली. तलाशी के दौरान उसमें मावे से भरी 107 बोरियां बरामद हुईं. खाद्य विभाग के अनुसार, प्रत्येक बोरी में करीब 40 किलोग्राम मावा भरा हुआ था. इस हिसाब से कुल खेप का वजन लगभग 42 क्विंटल बताया जा रहा है. पुलिस और खाद्य विभाग की टीम चालक सत्यभान सिंह से पूछताछ कर रही है. मावा कहां से खरीदा गया, किन कारोबारियों ने इसे भेजा और भोपाल में किसे इसकी आपूर्ति की जानी थी, इन बिंदुओं पर जांच की जा रही है. खाद्य विभाग के मुताबिक, मौके पर मावे की प्रारंभिक जांच में गुणवत्ता सामान्य प्रतीत हुई, लेकिन इतनी बड़ी खेप और आपूर्ति संबंधी दस्तावेजों में स्पष्टता नहीं होने के चलते संदेह के आधार पर नमूने लिए गए हैं. खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपाली कांगे ने बताया कि मावे के सैंपल राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं. खराब होने की आशंका को देखते हुए पूरी खेप को कोल्ड स्टोरेज में सुरक्षित रखवाया गया है. रिपोर्ट आने के बाद मावे की गुणवत्ता और मिलावट की स्थिति स्पष्ट होगी. यदि जांच में मिलावट या खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित कारोबारियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी.

हार जीत का दांव लगाते तीन गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

सीहोर 4 नवंबर. मंडी पुलिस ने महाकाल ऑटो डील के पीछे दबिश देकर जुआ खेलते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

जानकारी के अनुसार मंडी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कुछ व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे हैं. पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मौके से तीन आरोपियों दीपक दुर्वानी, अनुज श्रीवास्तव, एवं विष्णु राजपूत को गिरफ्तार कर 10 हजार 700 रुपए नकद एवं ताश के पत्ते जब्त किए गए. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अर्चना सिंह चौहान, उपनिरीक्षक दिनेश सहगल, महेन्द्र सिंह राघव, उमेश वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, कृष्णपाल सिंह, इन्दर सिंह परमार जाट, नेपाल सिंह एवं चालक आरक्षक अबू सूफियान की भूमिका रही.

जन विश्वास शिविर 6 को दोराहा में

सीहोर. मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 6 नवंबर को दोराहा में शिविर आयोजित किया जाएगा.ग्रामीणों को शासकीय सेवाओं और योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी. कलेक्टर बालागुरु के ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिविर की सभी तैयारियां समय पर सुनिश्चित की जाएं.

एक नजर में



पटाखा व्यापारियों को दिए आवश्यक निर्देश

बुदनी. दीपावली पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए नप में पटाखा व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई. जिसमें एसडीएम, एसडीओपी, सीएमओ एवं थाना प्रभारी ने व्यापारियों को पटाखों की बिक्री, भंडारण और सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए पालन करने के निर्देश दिए. अधिकारियों ने कहा कि पटाखों का विक्रय केवल निर्धारित एवं आवंटित स्थानों पर ही किया जाए. प्रत्येक दुकान पर अग्निशमन यंत्र और पानी की पर्याप्त व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखी जाए. साथ ही निर्धारित क्षमता से अधिक पटाखों का भंडारण नहीं करने की हिदायत भी दी गई.



कराते में गुंजन नागले ने जीता स्वर्ण पदक

सीहोर. महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की छात्रा गुंजन नागले ने खेल प्रतिभा में महाविद्यालय का नाम रोशन किया है. नोडल लेवल कराते प्रतियोगिता में गुंजन ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया. प्रतियोगिता में विभिन्न संस्थानों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. गुंजन ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास के दम पर स्वर्ण पदक हासिल किया. इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. प्रमोद शर्मा ने गुंजन को बधाई देते हुए अन्य छात्राओं को भी खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया.



निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश ने सुनी बंदियों की समस्याएं

सीहोर. प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल ने जेल का निरीक्षण किया. उन्होंने बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें विधिक अधिकारों एवं नि:शुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी. न्यायाधीश श्री अग्रवाल ने जेल की पाकशाला, लीगल एड क्लीनिक, मुलाकाती लीगल एड हेल्प डेस्क, जेल डिस्पेंसरी, महिला सेल और बैरकों का निरीक्षण किया. बंदियों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली. इस दौरान सचिव अनुराग सिंह कुशवाह, फारूक अहमद सिद्दीकी, प्रतिभा पटेल, जेलर दिलीप नायक उपस्थित थे.

राजस्व मंत्री 6 को सोहनखेड़ा आएंगे

इछावर. राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 6 नवंबर को ग्राम सोहनखेड़ा पहुंचकर स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना के तहत परिवारों के पंजीयन की कार्यवाही अपनी उपस्थिति में पूर्ण कराएंगे.

खेत में लहलहा रही थी गांजे की खेती, पुलिस ने पकड़ी

- श्यामपुर पुलिस ने घाटपलासी में पकड़ी गांजे की फसल
- आष्टा पुलिस ने भी गांजा बेचने वाले को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

सीहोर 4 नवंबर. सूचना मिलने पर दबिश डालने पहुंची पुलिस भी यह देखकर भौंचक्की रह गई कि खेत में मादक पदार्थ गांजे की खेती लहलहा रही है. पुलिस ने गांजे के पौधे जब्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है.

अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त और खेती के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत श्यामपुर और आष्टा पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. श्यामपुर पुलिस ने ग्राम घाटपलासी में एक व्यक्ति को खेत में अवैध रूप से गांजे का पौधा लगाने पर कार्रवाई की. पुलिस टीम ने आरोपी मानसिंह मीणा को गिरफ्तार कर उसके खेत से करीब 13,500 रुपए कीमत का गांजे का पौधा जब्त किया. इसी तरह आष्टा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम भंवरा में एक व्यक्ति अपने घर पर गांजा बेचने के लिए बैठा है. पुलिस टीम ने कार्रवाई की. आरोपी ईश्वर सिंह परमार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 910 ग्राम गांजा जब्त किया. दोनों मामलों में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है.



गांजे का आदतन तस्कर गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस ने बड़नगर रोड स्थित एक खेत में दबिश देकर आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है.पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 700 ग्राम अवैध गांजा जब्त किया है. पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बड़नगर रोड़ स्थित एक खेत में अवैध गांजा रखा हुआ है. मौके पर दबिश देकर घेराबंदी की और आरोपी चंपालाल यादव निवासी दुर्गा कॉलोनी सीहोर को पकड़ लिया. उसके कब्जे से 700 ग्राम गांजा बरामद हुआ है.

नन्हीं अभिश्री ने बनाया वर्ल्ड रिकार्ड

नवभारत न्यूज

सीहोर 4 नवंबर. जिले की प्रतिभाशाली बेटी अभिश्री नामदेव ने अपनी विलक्षण प्रतिभा और असाधारण स्मरण शक्ति के दम पर शहर व प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है. अभिश्री को कम उम्र में अद्भुत याददाश्त और बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए प्रतिष्ठित संस्था बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा विश्व रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया है.

अभिश्री ने मात्र 1 वर्ष 11 माह और 25 दिन की आयु में अपनी असाधारण मानसिक क्षमता का परिचय दिया. अभिश्री अपनी उम्र के अन्य बच्चों की तुलना में कई विषयों की बेहतर पहचान रखती हैं. उन्हें विभिन्न रंगों और आकारों की स्पष्ट पहचान है. इसके साथ ही वह अनेक जानवरों और उनकी आवाजों को भी आसानी से पहचान लेती हैं. नन्हीं अभिश्री को अंग्रेजी वर्णमाला और अंकों की भी अच्छी पहचान है, जो उनकी विलक्षण प्रतिभा को दर्शाती है. अभिश्री की इस असाधारण उपलब्धि को बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया. उन्हें कम उम्र में असाधारण स्मरण शक्ति का प्रदर्शन करने वाली बच्ची के विश्व रिकॉर्ड खिताब से सम्मानित किया गया है.



सवा लाख की शराब और महुआ लाहन जब्त

नवभारत न्यूज

सीहोर 4 नवंबर. आबकारी विभाग की अलग-अलग टीमों ने जिले के विभिन्न गांवों में दबिश देकर कुल 7 प्रकरण दर्ज किए और बड़ी मात्रा में अवैध शराब एवं महुआ लाहन जब्त किया.

जिला आबकारी अधिकारी राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि आष्टा, सीहोर, बुदनी एवं भैरूंदा क्षेत्र में कार्रवाई की गई. जावर में दबिश देकर 15 पाव देशी मदिरा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया. वहीं शिकारपुर में 10 लीटर कच्ची शराब जब्त कर एक आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की गई. इसी तरह ग्राम बागलीखेड़ा में किराना दुकान पर दबिश देकर 28 पाव देशी मदिरा, 2 पाव विदेशी मदिरा एवं 2 बोतल बीयर जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया. ग्राम पुरी में 6 लीटर कच्ची मदिरा जब्त की गई. इसके अलावा सिंहपुर एवं सिंहपुर पठार में तीन अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 1200 किलो महुआ लाहन एवं 30 लीटर कच्ची मदिरा जब्त की गई. मौके से आरोपी फरार हो गए. उनके विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया. विभाग द्वारा जब्त महुआ लाहन को नष्ट किया गया तथा मदिरा को कब्जे में लिया गया. इस कार्रवाई में कुल 7 प्रकरण दर्ज कर 1 लाख 33 हजार 440 रुपए की अवैध शराब जब्त की गई.

सिस्टर जोसफ के निधन पर शोक

आष्टा. पुष्प अस्पताल की संस्थापक चिकित्सक सिस्टर डॉ. हैरी मन जोसफ का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया.पुष्प अस्पताल के माध्यम से उन्होंने जरूरतमंदों और दीन-दुखियों की सेवा की.उनका अंतिम संस्कार ईसाई कब्रिस्तान में संपन्न हुआ. पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा कि डॉ. हैरी मन एक कुशल चिकित्सक एवं सरल व्यक्तित्व की धनी थीं. परमार सहित समाजसेवी अजीत कुमार जैन, पल्लव प्रगति एडवोकेट, अर्जुन सिंह, अजय आदि ने चिकित्सक सिस्टर डॉ. हैरी मन जोसफ को अंतिम विदाई दी.

घाटों का सौंदर्यीकरण करने की मांग

- समग्र सेवा समिति ने एसडीएम को मांगों का पत्र सौंपा
- नर्मदा घाटों पर सूचना बोर्ड लगवान की भी मांग



नवभारत न्यूज

भैरुंदा 4 नवंबर. नर्मदा घाटों पर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समग्र सेवा समिति नीलकंठ द्वारा एसडीएम को नर्मदा घाटों की साफ-सफाई को लेकर मांग पत्र सौंपा.

समिति द्वारा ग्राम बाबरी से छीपानेर तक कुल 12 नर्मदा घाटों पर नियमित रूप से साफ-सफाई, घाटों पर सूचना बोर्ड लगवाने, गंदे पानी को रोकने तथा घाटों पर असामाजिक गतिविधियों को रोकने हेतु प्रशासन से मांग की गई. इस अवसर पर समिति अध्यक्ष इंदर सिंह राजपूत, रमेश मालवीय, गुरुदयाल यादव, नारायण सिंह राजपूत, राजेश लखेरा, केवल राम राठौर, उत्तम सिंह राजपूत, अर्जुन पंवार, सतीश वर्मा, राजू वर्मा आदि सदस्य उपस्थित थे.

पुलिस पंचायत सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत में सुलझाए संपत्ति और रास्ते के विवाद

चार बेटों ने मां की परवरिश बांटी, तीन-तीन माह साथ रखेंगे

नवभारत न्यूज

सीहोर 4 नवंबर. जिन माता-पिता ने अपने बच्चों को पालने-पोसने में पूरी जिंदगी लगा दी, बुढ़ापे में उन्हीं की देखभाल को लेकर बेटे आपस में बंटवारा करने लगे. चार बेटों ने बीमार मां को तीन-तीन महीने अपने पास रखने का फैसला किया था, लेकिन इस व्यवस्था में भी विवाद होने लगे. मामला सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत तक पहुंचा, जहां समझाइश के बाद सभी बेटों ने माता-पिता की देखभाल मिलकर करने और मां को अपनी इच्छा से कहीं भी रहने की सहमति दी.



एसपी सोनाक्षी सक्सेना के निर्देश पर आयोजित सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत की बैठक एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे के नेतृत्व में हुई. इसमें कोर कमेटी सदस्य अनिल पालीवाल, साधुराम शर्मा और कमल सिंह ठाकुर मौजूद थे. 75 वर्षीय महिला ने शिकायत की कि वह करीब 40 वर्षों से पिता के मकान में रह रही हैं, लेकिन छोटी बहन मकान खाली करने का दबाव बना रही है. पंचायत ने स्पष्ट किया कि जबरदस्ती मकान खाली कराने का दबाव नहीं बनाया जा सकता. वसीयत संबंधी विवाद का समाधान सक्षम न्यायालय से कराया जा सकता है.

इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र के एक बुजुर्ग का खेत का रास्ता रोकने का मामला सामने आया. दोनों पक्षों की सहमति से रास्ता देने पर सहमति बनी. वहीं मंडी थाना क्षेत्र में पड़ोसी द्वारा घर का रास्ता बंद करने की शिकायत पर संबंधित व्यक्ति ने समस्या का तत्काल समाधान करने का भरोसा दिया.

एक अन्य मामले में 65 वर्षीय बुजुर्ग के चार बेटे और दो बेटियां हैं. संपत्ति बंटवारे के बावजूद विवाद और मुकदमे चल रहे थे. पंचायत की समझाइश पर गांव की भूमि छह हिस्सों में बांटने तथा माता-पिता के भरण-पोषण की जि मेदारी मिलकर निभाने पर सहमति बनी. मां को अपनी इच्छा से रहने की स्वतंत्रता भी दी गई. अन्य प्रकरणों में दस्तावेज और पक्षकारों की उपस्थिति के लिए अगली तारीख तय की गई.

दो जुआरी एल्डरमैन पर कार्रवाई करे भाजपा

सीहोर. कोतवाली पुलिस ने जुआ खेलने के मामले में भाजपा के दो एल्डरमैन पर मामला दर्ज किया है, जिसके बाद शहर की राजनीति गरमा गई है. इस मामले में कांग्रेस ने भाजपा पर करारा हमला बोला है.जिला प्रवक्ता पंकज शर्मा ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा है कि सीहोर में दो भाजपा एल्डरमैन जुआ खेलते हुए पकड़े गए हैं और कोतवाली पुलिस ने उन पर जुआ एक्ट की कार्रवाई भी की है, लेकिन भाजपा इस मामले में अब तक चुप्पी साधे हुए है. पंकज शर्मा ने भाजपा तथा राज्य शासन से तत्काल इन दोनों एल्डरमैन को पद से हटाकर पार्टी से निष्काषित करने की मांग की है.